निमंत्रण पत्र

बन्दा वीर बैरागी की सेना द्वारा 3 नवम्बर 1709 को प्रथम लडाई में सोनीपत विजय के उपलक्ष्य में।

सेहरी खाण्डा शौर्य दिवस

3 नवम्बर 2018 शनिवार

गांव -खाण्डा, निकट-खरखौदा (सोनीपत) हरियाणा।

वीर बंदा बैरागी

धर्मयोद्धा वीर बंदा बैरागी, फरवरी 1709 में दिल्ली से 50 किलोमीटर दूर पश्चिम में सेहरी खांडा नामक गांव में निंबार्क संप्रदाय के महंत किशोर दास जी के अस्थल में पहुचे, जो निर्मोही मालाधारी अखाड़े के नागा बैरागी संतो का स्थान हैं। उनके परम मित्र एवं गुरू भाई महंत किशन दास उस समय अस्थल में गद्दीनशीन थे। महंत किशन दास जी की सहायता से उन्होनें बहुत शीध्र रोहतक, सोनीपत व अविभाजित पंजाब के किसानों एवं अन्य व्यक्तियों को लेकर एक विशाल सेना तैयार की।

3 नवंबर 1709 को सोनीपत में मुगल खजाने पर विजय प्राप्त करने के बाद उन्होने मुगल फौज से अनेक लड़ाईयां जीती और यमुना व सतलुज नदियों के बीच का सारा इलाका जीतकर स्वैदेशी राज्य की स्थापना की। उन्होंने किसान, मजदूर व गरीबों को योद्धा बनाकर देश से विदेशी मुगल शासकों को खदेड़ने का संगठित प्रयास किया। उन्होंनें किसानों को जमीन का मालिकाना हक दिया और पिछड़े व दलितों के स्वाभिमान की रक्षा की। हिंन्दू महिलाओं पर अत्याचार करने वाले जालिम मुगलों को मौत के घाट उतार दिया।

एक लंबे युद्ध के बाद मुगल फौज ने 7 दिसंबर 1715 को उनको गुरदासपुर नंगल से गिरफ्तार कर लिया और 9 जून 1716 को कुतुब मीनार के पास दिल्ली में फारूखसियर के दरबार में उनके शरीर को बोटी बोटी कर दिया गया। उनके 5 साल के बेटे का कलेजा निकाल कर उनके मुंह में डाल दिया गया। भारत माता के इस वीर सपूत ने आह तक भी किये बिना, मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

धर्मयोद्धा वीर बन्दा वैरागी की सेना द्वारा सोनीपत फतह के उपलक्ष्य में उनका प्रथम सैनिक मुख्यालय, नागावाली अस्थल, निर्मोही अखाड़ा (स्थापित सन् 1608) गांव-खाण्डा, जिला- सोनीपत (हरियाणा)

3 नवम्बर 2018 शनिवार
को

सेहरी खाण्डा शौर्य दिवस

के रूप में मना रहा है। इस उपलक्ष्य में एक विशाल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि

श्री मनोहर लाल जी
माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा

स्थान-राजकीय उच्च विद्यालय मैदान
गांव-खाण्डा, तहसील-खरखौदा, सोनीपत, हरियाणा।

3 नवम्बर 2018 प्रात: 10 बजे

इस एतिहासिक गौरव उत्सव में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

-: विनीत एवं आयोजक :-

१. डा० राज सिंह, अस्थल महन्त किशोर दास जी, निर्मोही मालाधारी अखाड़ा, निर्म्बाक सम्प्रदाय, नागावाली सरोवर, गांव-खाण्डा (सोनीपत), हरियाणा।

२. सरपंच एवं ग्रामपंचायत-गांव-खाण्डा (सोनीपत), हरियाणा।

कार्यक्रम में आयोजित भण्डारे में भोजन प्रसाद ग्रहण कर अनुग्रहित करें।

3 नवंबर के कार्यक्रम में प्रस्तावित परियोजनाएं

➲ खांडा में, 50 एकड़ में, आर्म्ड फोर्स प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट बनाया जाएगा, जिसमें स्कूल कॉलेज की शिक्षा के साथ ही सेना में ऑफिसर बनने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह देश का अपनी तरह का पहला संस्थान होगा। इस संस्थान में हरियाणा के हजारो नवयुवकों को सेना में ऑफिसर बनने का अवसर प्राप्त होगा।

➲ आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत खांडा में हेल्थ एंड वैलनेस सेटर (पीएचसी) स्थापित होगा, जिसका लाभ खांडा, सेहरी, नासिपुर चौलका, सिलाना, झरोठ, झरोठी और भदाना गांव के लोगों को मिलगा।

➲ खांडा सहित पांच गांव के लिए 3 नवंबर से ही एक मोबाइल मेडिकल क्लीनिक (चलता फिरता छोटा अस्पताल) शुरू होगा।

➲ खांडा से झरोठ तक 5 किलोमीटर की सडक बनाई जाएगी।

➲ खांडा में सार्वजानिक पुस्तकालय स्थापित किया जाएगा।